प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पंजाब के आदमपुर वायुसेना केंद्र का दौरा कर सैनिकों से की बातचीत : कहा– भारत, सशस्त्र बलों का हमेशा रहेगा आभारी।
2. कश्मीर मसले पर भारत को किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं : विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और अमेरिका के नेताओं के बीच सिर्फ सैन्य कार्रवाई पर हुई वार्ता।
3. सीबीएसई के 12वीं और दसवीं कक्षा के परिणाम घोषित : 12वीं की परीक्षा में शामली की सावी जैन ने किया टॉप।

और

4. ज्येष्ठ माह क पहले बड़े मंगल पर प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में दर्शन पूजन के लिये लगी है श्रद्धालुओं की भारी भीड़ : जगह–जगह भंडारों का किया गया आयोजन।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने कड़ा संदेश दिया है कि भारत आतंकवादियों के ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम है। श्री मोदी ने कहा कि इस ऑपरेशन के तहत न केवल आतंकवादियों के शिविर नष्ट किए गए, बल्कि उनके नापाक मंसूबों और दुस्साहस का भी परास्त किया गया। प्रधानमंत्री ने यह संदेश पंजाब

के आदमपुर वायुसेना केंद्र पर वायु सेना के योद्धाओं और सैनिकों से बातचीत करते हुए दिया। बाइट....

*जब हमारी बहनों बेटियों का सिंदूर छीना गया तो हमने आतंकियों के फन को उनके घर में घुस के कुचल दिया। वो कायरों की तरह छिपकर आये थे लेकिन वे भूल गए। उन्होंने जिसे ललकारा है वो हिन्द की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा। आपने आतंक के तमाम बड़े अड्डों को मिट्टी में मिला दिया।*

प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र बलों के साहस, वीरता और कार्यकुशलता की सराहना की। बाइट....

*आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथ ही होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों की और उनके लिए भी नई प्रेरणा बन गई। मैं वीरों की इस धरती से आज एयरफोर्स, नेवी और आर्मी के सभी जाबाजों बीएसएफ के अपने शूरवीरों को सैल्यूट करता हूं।*

श्री मोदी ने कहा कि भारत माता की जय हर उस सैनिक का संकल्प है जो देश के लिए अपना जीवन बलिदान करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बौखलाए दुश्मन ने आदमपुर एयरबेस पर हमला करने का प्रयास किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने दुश्मन के हर हमले को नाकाम किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। बाइट....

*हमारी एयरफोर्स ने पाकिस्तान में इतना डीप आतंक के अड्डों को टारगेट किया।सिर्फ बीस पच्चीस मिनट के भीतर सीमा पार लक्ष्यों को भेदना बिल्कुल पिन पॉइंटेड टारगेट को हिट करना। सिर्फ एक मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लेस प्रोफेशनल फोर्स ही कर सकती है। आपकी स्पीड और प्रिसिजन इस*

*लेवल की थी कि दुश्मन हक्का बक्का रह गया। उसको पता ही नहीं चला कि कब उसका सीना छलनी हो गया।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं यहां वीरों के दर्शन के लिए आया हूँ। उन्होंने कहा कि अब कोई भी आंतकी हमला, एक्ट ऑफ वार होगा।

————————

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज स्पष्ट कहा कि केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे पर भारत को किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस मामले में भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। बाइट.....

*हमारा लंबे अरसे से यही राष्ट्रीय पक्ष रहा है कि भारतीय केंद्र शासितप्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय तरीके से ही हल करना है। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जैसा कि आप जानते हैं लंबित मामला केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करने का है।*

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और अमेरिका के नेताओं के बीच सैन्य स्थिति के बारे में बातचीत होती रही। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। उन्होंने बताया कि 10 मई को पाकिस्तान की ओर से बातचीत के लिए अनुरोध किया गया था। यह पाकिस्तान की मजबूरी थी, क्योंकि

उसी दिन सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के प्रमुख एयरफोर्स ठिकानों पर अत्यधिक हमले किए थे।

————————

ऑपरेशन सिंदूर पर आज से ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया गया है। मुख्य रूप से तिरंगा यात्रा के नाम का यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को लोगों तक पंहुचायेगा। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन तथा भाजपा के प्रमुख नेता शामिल होंगे। यह अभियान 23 मई तक चलेगा।

प्रदेश क उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हम भारतीय सेना के शौर्य को जन–जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। बाइट....

*राष्ट्रीय अध्यक्ष का उद्‌बोधन के माध्यम से संदेश हम सबको मिला है। पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्राएं निकलेंगी। भारतीय सेना के शौर्य को हम जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिला मुख्यालय से लेकर गांवों, कस्बे शहरों तक हम सब कार्यकर्ता जाएंगे।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने 12वीं और दसवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस बार भी दसवीं और 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी है। इस वर्ष 12वीं कक्षा के 88 दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने और दसवीं कक्षा के 93 दशमलव छह–छह प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तर प्रदेश के शामली जिले की सावी जैन ने 5 सौ में से 499 अंक प्राप्त कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। सावी ने बताया कि वह नियमित रूप से 5 घंटे पढ़ाई करती थी, उनका अगला लक्ष्य आईएएस बनकर देश सेवा करना है। बाइट....

*मैंने 12 क्लास में रैंक फर्स्ट हासिल किया है आल ओवर इंडिया और मेरे फॉर नाइनटी नाइन आउट ऑफफाइव हंड्रेड मार्क्स है फिर इसका श्रेय सबको जाता है मेरे पेरेंट्स, टीचर्स, स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन, प्रिंसिपल माम हर वो इंसान जिसने मेरे को हर मौके पर प्रमोट किया है मुझे सपोर्ट दिया है मेरा कॉन्फिडेंस बल है और मुझे ये विश्वास दिलाया है कि मेरे अंदर वो काबिलियत है सिर मुझे आगे सिविल सर्विस जॉइन करनी है ऐज एन आईएएस सबके लिए यही संदेश है कि आप कंसिस्टेंटली हार्ड वर्क करते रहिए अपनी गलतियों पर काम करिये बिना डिस्ट्रक्शन के।*

इस वर्ष 12वीं की परीक्षा में कुल 16 लाख 92 हजार सात सौ 94 विद्यार्थियों ने वहीं 10वीं में 23 लाख 71 हजार

939 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा के परिणाम सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखे जा सकते हैं।

————————

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नोएडा में सेमीकंडक्टर डिज़ाइन सेंटर का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर श्री वैष्णव ने कहा कि यह सेंटर अत्याधुनिक 3 नैनोमीटर चिप्स की डिजाइनिंग का काम भारत में ही करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के विज़न के अंतर्गत केवल तीन वर्षों में भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की मजबूत नींव रखी गई है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में एच—5 एवियन इंफ्लुएंजा बर्ड फ्लू संक्रमण की आशंका को गंभीरता से लेते हुए आज संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने प्रदेश के सभी प्राणी उद्यानों पक्षी विहारों नेशनल पार्कों और गोआश्रय स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

————————

ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल का पर्व आज धार्मिक आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लखनऊ

**सहित आसपास के जिलों में स्थित सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है। पेश है एक रिपोर्ट....**

*लखनऊ के अलीगंज स्थित ऐतिहासिक हनुमान सहित शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में रात 12 बजे के बाद से दर्शन पूजन के लिये श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो गया था। बजरंग बली के जयकारों से जहां मंदिर गुंजायमान है। वहीं घरों में अखंड रामायण का पाठ और भजन कीर्तन के कार्यक्रम चल रहे हैं। इस अवसर पर जगह–जगह भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। लखनऊ नगर निगम ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और जगह–जगह चल रहे भंडारों के आयोजन को देखते हुए साफ सफाई और हनुमान मंदिरों के आसपास शीतल पेयजल की व्यवस्था की है। अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वह वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करे। अयोध्या के ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी मंदिर में सबुह 4 बजे से श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं।*

*आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————

**लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडे से हज यात्रियों के 16 वे जत्थे ने आज उडान भरी। प्रदेश के विभिन्न जिलों से अब तक कुल 4572 हज यात्री मक्का–मदीना की पवित्र यात्रा के लिए रवाना हा चुके हैं।**

**(समाप्त)**